अक्टूबर, 2019

मंथन

अर्ध-वार्षिक हिन्दी गृह पत्रिका

निर्यात निरीक्षण परिषद्

(वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार)

अर्धवार्षिक हिन्दी गृह पत्रिका

मंथन

संरक्षक एवं प्रेरणास्रोत

श्री दिवाकर नाथ मिश्रा

संयुक्त सचिव एवं निदेशक (निरीक्षण एवं गुणवत्ता नियंत्रण)

प्रधान संपादक

डॉ. जे. एस. रेड्डी

अपर निदेशक

सम्पादक

कन्नन कस्तुरी एन. एस.

उप निदेशक (प्रशासन)

सम्पादक मण्डल सदस्य

आर.एम. मंडलिक

उप निदेशक (तकनीकी)

श्री वसी असगर

सहायक निदेशक (तकनीकी)

निर्यात निरीक्षण परिषद

(वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, वाणिज्य विभाग, भारत सरकार)

एन.डी.वाई.एम.सी.ए. कल्चरल सेंटर बिल्डिंग,

1, जयसिंह रोड, नई दिल्ली–110001

दूरभाष सं. 23365540 / 23748189

पत्रिका में प्रकाशित लेखों, रचनाओं में व्यक्त विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। निर्यात निरीक्षण परिषद, हिंदी अनुभाग या सम्पादक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

निःशुल्क वितरण के लिए

अनुक्रमणिका

क्र.सं.	विवरण	पृष्ठ सं.
1.	संदेश – श्री सुधांशु पांडेय, आई.ए.एस., अध्यक्ष, निर्यात निरीक्षण परिषद	3
2.	निदेशक की कलम से – श्री दिवाकर नाथ मिश्रा, आई.ए.एस., संयुक्त सचिव एवं निदेशक, निर्यात निरीक्षण परिषद	4
3.	संपादकीय – श्री कन्नन कस्तुरी एन. एस., उप निदेशक (गैर–तकनीकी), निनिप	6
4.	निर्यात निरीक्षण परिषद / निर्यात निरीक्षण अभिकरणों में पिछले छह महीनों के मध्य गतिविधियाँ	7
5.	निर्यात निरीक्षण परिषद में हिन्दी पखवाड़ा समारोह का आयोजन	9
6.	निर्यात निरीक्षण अभिकरण–मुंबई में हिन्दी पखवाड़ा समारोह का आयोजन	13
7.	झींगा निर्यात और झींगा मछली के प्रभावशाली स्वास्थ्य लाभ –डॉ. नीरज पी अवस्थी	15
8.	प्लास्टिक प्रदूषण के कारण एवं प्रभाव–स्वच्छता ही सेवा –श्री शशि प्रकाश त्रिपाठी, तकनीकी अधिकारी	17
9.	निर्यात निरीक्षण अभिकरण – कोच्ची में हिन्दी दिवस / पखवाड़ा समारोह–2019 की रिपोर्ट	19
10.	राज्य मात्स्यिकी अधिकारियों (सहायक निदेशक) के लिए ''लैंडिंग साइट / मत्स्यन हार्बर / नीलामी हॉल की अपेक्षाओं'' पर जागरूकता कार्यक्रम	26
11.	निनिअ–कोची में जून 2019 के दौरान आयोजित प्रशिक्षण / जागरूकता कार्यक्रमों का विवरण	27
12.	ई–खरीद पर प्रशिक्षण कार्यक्रम	29
13.	सार्वजनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रशिक्षण कार्यक्रम	30
14.	निर्यात निरीक्षण अभिकरण–कोच्ची में वर्ष 2019–20 को निनिप एवं वाणिज्य मंत्रालय के निर्देशानुसार किए गए कार्यक्रमों का विवरण	31
15.	निर्यात निरीक्षण अभिकरण–कोलकाता की गतिविधियाँ एवं विवरण	32
16.	खाद्य सुरक्षा को बनाए रखने में विश्लेषणात्मक परीक्षण की भूमिका ''खाद्य परीक्षण गुणवत्ता और आंकड़ों की प्रमाणिकता पर निर्भर है'' –डॉ. अनूप ए. कृष्णन, डॉ. लिजो जॉन, डॉ. बी. विजयकुमार, श्री टी. महेश्वर राव एवं श्री जयपालन जि.	38
17.	प्रकृतिक संसाधन –श्री लेखराज कटारिया, सहायक निदेशक (त.)	45
18.	आत्मविश्वास –श्री सुभाष शर्मा, आशुलिपिक–1	46
19.	निर्यात निरीक्षण परिषद / निर्यात निरीक्षण अभिकरण कार्यालयों में अप्रैल, 2019 से सितम्बर, 2016 तक सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण	47

Sudhansu Pandey
Chairman

भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग
उद्योग भवन, नई दिल्ली–110 011

Government of India
Ministry of Commerce & Industry
Department of Commerce
Udyog Bhawan, New Delhi-110 011

संदेश

यह हर्ष का विषय है कि निर्यात निरीक्षण परिषद द्वारा अर्धवार्षिक हिंदी पत्रिका का अक्टूबर, 2019 अंक प्रकाशित किया जा रहा है। ''मंथन'' पत्रिका विभागीय गतिविधियों से सुसज्जित, सुंदर एवं आकर्षक होने के साथ ज्ञान वर्धक भी है। परिषद इस पत्रिका के अविरत प्रकाशन के माध्यम से कार्मिकों की सर्जनात्मकता को उजागर करने के साथ राजभाषा हिंदी के प्रचार प्रसार में भी जागरूक रहती है। मेरा विश्वास है कि इस प्रकार से पत्रिका अपनी गतिशीलता से नई ऊंचाइयों को छूकर राजभाषा कार्यान्वयन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रहेगी।

आशा करता हूँ कि पत्रिका का प्रकाशन निरंतर सफलता से होता रहे, इसके लिए सभी को हार्दिक शुभकामनाएं।

सुधांशु पांडेय

(सुधांशु पांडेय, आई.ए.एस.)
अध्यक्ष,
निर्यात निरीक्षण परिषद

सत्यमेव जयते

निर्यात निरीक्षण परिषद्
(आईएसओ 9001:2008 प्रमाणित संस्थान)
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार
(तीसरी मंजिल, एन.वी.आइ.एम.सी.ए. कल्चरल सेन्टर बिल्डिंग)
1, जय सिंह रोड, नई दिल्ली–110001
EXPORT INSPECTION COUNCIL
(An ISO 9001:2008 Certified Organisation)
(Ministry of Commerce & Industry, Govt. of India)
3rd Floor, NDYMCA Cultural Centre Building,
1, Jai Singh Road, New Delhi-110001

निदेशक की अभिव्यक्ति

प्रिय सहयोगियों,

निर्यात निरीक्षण परिषद की गृह पत्रिक **''मंथन''** के अक्टूबर, 2019 अंक को आपके सम्मुख पेश करने में मुझे गर्व है। पत्रिका के इस अंक में परिषद द्वारा तकनीकी/प्रशासनिक मामलों से संबंधित लेख, भारत या विदेश में आयोजित किए गए प्रशिक्षण/सेमिनार तथा दैनिक कार्यकलापों का समावेश किया गया है। इस पत्रिका में निनिप ने अपने कार्यक्षेत्र में प्राप्त की गई उपलब्धियों को उल्लिखित करने के साथ अधिकारियों से प्राप्त लेखों को प्रस्तुत किया है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि पत्रिका के सफल प्रकाशन में आपका संपूर्ण सहयोग अवश्य मिलता रहेगा।

मुझे यह बताने में भी गर्व है कि निर्यात निरीक्षण परिषद एवं सभी निर्यात निरीक्षण अभिकरणों में सितम्बर माह में हिन्दी पखवाड़ा समारोह–2019 बड़े उत्साह से मनाया गया। जैसा की हम सब जानते हैं कि हिन्दी भारत के एक बड़े जन समुदाय द्वारा बोली एवं समझी जाने वाली भाषा है तथा अत्यंत सरल, समग्र एवं सशक्त, हमारी राष्ट्रीय पहचान, तथा हमारी सांस्कृतिक समृद्धि की प्रतीक है। हिन्दी के इस महत्व को देखते हुए हमारे संविधान निर्माताओं ने 14 सितम्बर, 1949 को हिन्दी को संघ की राजभाषा का दर्जा प्रदान किया था। इसी अनुक्रम में 26 जनवरी, 1950 में लागू संविधान के अनुच्छेद 343(1) के अनुसार यह व्यवस्था की गयी कि संघ सरकार की राजभाषा हिन्दी होगी, तथा इसकी लिपि, देवनागरी होगी। मुझे विश्वास है कि हिन्दी पखवाड़ा के दौरान आयोजित कार्यक्रमों से कार्यालय के दैनिक कार्यों एवं बोलचाल में हिन्दी का प्रयोग बढ़ेगा तथा हिन्दी पखवाड़ा का उद्देश्य भी यह ही है।

मुझे यह भी बताने में खुशी है की निर्यात निरीक्षण अभिकरण–मुंबई में खाद्य सुरक्षा तथा अनुप्रयुक्त पोषण के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र (आई.टी.सी.–एफ.

एस.ए.एन.) का उद्घाटन किया गया। यह प्रशिक्षण केंद्र, निर्यात निरीक्षण परिषद (नि.नि.प.) तथा भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफ.एस.एस.ए.आई.) द्वारा वैश्विक खाद्य सुरक्षा भागीदारी (जी.एफ.एस.पी.) के साथ मिलकर स्थापित किया गया है, जो विश्व बैंक की एक पहल है। यह सुविधा खाद्य श्रृंखला में विभिन्न हित धारकों के लिए खाद्य सुरक्षा के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगी, जिसमें विभिन्न खाद्य व्यवसाय संचालक (एफ.बी.ओ.), निर्यातक आदि शामिल हैं। इसके अलावा, मलेशियाई प्रतिनिधिमंडल (डी.वी.एस. एवं जे.ए.के.आई.एम.) ने भारतीय जिलेटिन तथा डेयरी संस्थानों का निरीक्षण करने के लिए निर्यात निरीक्षण परिषद का दौरा किया। यूरोपीय संघ–जी.एस.पी. के आर.ई.एक्स. सिस्टम पर बांग्लादेश के प्रतिनिधिमंडल के साथ एक पारस्परिक सत्र आयोजित किया गया। जी.ए.सी.सी., चीन के सामान्य प्रशासनों तथा निर्यात निरीक्षण परिषद के बीच भारतीय स्पेंट मिर्च के आयात पर सेनेटरी एवं फाइटोसैनेटरी विनियमों का एक प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए गए। खाद्य और औषधि सुरक्षा मंत्रालय (एम.एफ.डी.एस.), कोरिया के प्रतिनिधिमंडल ने मत्स्य उत्पाद प्रसंस्करण प्रतिष्ठान के ऑनसाइट निरीक्षण के लिए भारत का दौरा किया। निर्यातकों को अधिक कुशल सेवाएं प्रदान करने के लिए निर्यात निरीक्षण परिषद को पूर्वी किदवई नगर, नई दिल्ली में नए विशाल परिसर में स्थानांतरित किया गया है। मुझे विश्वास है कि इन सभी गतिविधियों/कार्यक्रमों से निर्यातकों/हितकारकों को लाभ मिलेगा।

निर्यात निरीक्षण परिषद एवं सभी निर्यात निरीक्षण अभिकरणों के कार्यालयों में मुख्य कार्य निर्यात व्यापार से संबंधित है तथा इसका निपटान आयात करने वाले देशों की कार्यनीति के अनुसार करना पड़ता है। इस परिस्थिति में हम चाहते हैं कि जहाँ तक संभव हो, अन्य सारे कार्यालयीन कार्य राजभाषा हिंदी में अभिव्यक्त करने का प्रयास किया जाए। अन्य कार्यकलापों के साथ ही राजभाषा विभाग के दिशा निर्देशों के अनुसार हिंदी कार्यान्वयन कार्य भी सुगमता से आगे बढ़े। इसके लिए दृढ संकल्प एवं इच्छा शक्ति से अपनी राजभाषा का प्रयोग फाइलों में करने का प्रयास अवश्य करें। आशा करते हैं कि आगामी दिनों में खासकर निनिप/निनिअ के प्रत्येक अधिकारी हिंदी भाषा के प्रयोग एवं प्रचार में विशेष ध्यान देंगे।

शुभकामनाओं के साथ,

(दिवाकर नाथ मिश्रा, आई.ए.एस.)
संयुक्त सचिव एवं निदेशक
निर्यात निरीक्षण परिषद

Fax : 011-23748024
E-mail : eic@eicindia.gov.in
Website : www.eicindia.gov.in
ग्राम : निर्यातगुण
Grames : Shipmentquality
दूरभाष
Phone } 011-23365540, 23341263, 23748189

निर्यात निरीक्षण परिषद्
(आईएसओ 9001:2008 प्रमाणित संस्थान)
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार
(तीसरी मंजिल, एन.वी.आइ.एम.सी.ए. कल्चरल सेन्टर बिल्डिंग)
1, जय सिंह रोड, नई दिल्ली–110001

EXPORT INSPECTION COUNCIL
(An ISO 9001:2008 Certified Organisation)
(Ministry of Commerce & Industry, Govt. of India)
3rd Floor, NDYMCA Cultural Centre Building,
1, Jai Singh Road, New Delhi-110001

संपादकीय

प्रिय पाठकगण,

निर्यात निरीक्षण परिषद द्वारा प्रकाशित छमाही गृह–पत्रिका **''मंथन''** के अक्टूबर, 2019 अंक को आपके सामने समर्पित करते हुए मुझे अत्यधिक खुशी है।

हिन्दी, भारत सरकार तथा कई राज्यों की राजभाषा होने के साथ संपर्क भाषा तथा विश्व भाषा के रूप में भी अपने पंख फैला रही है। आज अंग्रेज़ी के बाद हिंदी ही वह भाषा है, जो संसार में दूसरे स्थान पर सर्वाधिक प्रचलित है। हम सब अपनी राजभाषा हिंदी को हृदय से स्वीकार करेंगे। इस उम्मीद के साथ, हिंदी के प्रचार–प्रसार में उत्तरोत्तर प्रगति हासिल करने में परिषद की गृह पत्रिका अपनी उत्कृष्ट भूमिका अदा करेगी।

मंथन पत्रिका को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए आपके बहुमूल्य विचारों एवं सुझावों की हमें सदैव प्रतीक्षा रहेगी।

शुभकामनाओं के साथ,

(कन्नन कस्तुरी एन. एस.)
उप निदेशक (गैर तकनीकी)

निर्यात निरीक्षण परिषद / निर्यात निरीक्षण अभिकरणों में पिछले छह महीनों के मध्य गतिविधियाँ

दिनांक 22 सितम्बर, 2019 को निर्यात निरीक्षण अभिकरण–मुंबई में खाद्य सुरक्षा तथा अनुप्रयुक्त पोषण के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र (आई.टी.सी.–एफ.एस.ए.एन.) का उद्घाटन किया गया। यह प्रशिक्षण केंद्र, निर्यात निरीक्षण परिषद (नि.नि.प.) तथा भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफ.एस.एस.ए.आई.) द्वारा वैश्विक खाद्य सुरक्षा भागीदारी (जी.एफ.एस.पी.) के साथ मिलकर स्थापित किया गया है, जो विश्व बैंक की एक पहल है। यह सुविधा खाद्य श्रृंखला में विभिन्न हित धारकों के लिए खाद्य सुरक्षा के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगी, जिसमें विभिन्न खाद्य व्यवसाय संचालक (एफ.बी.ओ.), निर्यातक आदि शामिल हैं।

इसके अलावा, मलेशियाई प्रतिनिधिमंडल (डी.वी.एस. एवं जे.ए.के.आई.एम.) ने भारतीय जिलेटिन तथा डेयरी संस्थानों का निरीक्षण करने के लिए निर्यात निरीक्षण परिषद का दौरा किया।

दिनांक 19 जुलाई, 2019 को यूरोपीय संघ–जी.एस.पी. के आर.ई.एक्स. सिस्टम पर बांग्लादेश के प्रतिनिधिमंडल के साथ एक पारस्परिक सत्र आयोजित किया गया।

इसी कड़ी को एक और कदम आगे बढ़ाते हुए, दिनांक 08 मई, 2019 को जी.ए.सी.सी., चीन के सामान्य प्रशासनों तथा निर्यात निरीक्षण परिषद के बीच भारतीय स्पेंट मिर्च के आयात पर सेनेटरी एवं फाइटोसैनेटरी विनियमों का एक प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए गए।

खाद्य और औषधि सुरक्षा मंत्रालय (एम.एफ.डी.एस.), कोरिया के प्रतिनिधिमंडल ने मत्स्य उत्पाद प्रसंस्करण प्रतिष्ठान के ऑनसाइट निरीक्षण के लिए दिनांक 23 सितम्बर, 2019 को भारत का दौरा किया जो कि 03 अक्टूबर, 2019 तक होना है।

इसके अलावा, दिनांक 23 अगस्त 2019 को डॉ. जे.एस. रेड्डी अपर निदेशक, निर्यात निरीक्षण परिषद ने डॉ. हर्षवर्धन, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री से राष्ट्रीय खाद्य प्रयोगशाला/ए.एन. आर.एल. के रूप में निर्यात निरीक्षण अभिकरण के प्रयोगशालाओं की मान्यता का प्रमाण पत्र प्राप्त किया।

निर्यात निरीक्षण परिषद में हिन्दी पखवाड़ा समारोह का आयोजन

सुश्री हेताक्षी आर. परमार, अवर श्रेणी लिपिक
नि.नि.प., नई दिल्ली

निनिप, नई दिल्ली द्वारा 13 सितम्बर, 2019 से 27 सितम्बर, 2019 तक हिन्दी पखवाड़ा समारोह का आयोजन किया गया। पखवाड़े के दौरान निम्नलिखित कार्यकलाप आयोजित किए गए:

हिन्दी पखवाड़ा समारोह का उदघाटन, अपर निदेशक की अध्यक्षता में दिनांक 13 सितम्बर, 2019 को आयोजित बैठक में किया गया। अपने भाषण में अपर निदेशक ने राजभाषा के रूप में हिन्दी की महत्ता तथा अपने दैनिक कार्यालयीन कार्य हिन्दी में करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। अपर निदेशक महोदय ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से हिन्दी अनुभाग द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए भी अनुरोध किया।

हिन्दी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 17 सितम्बर, 2019 को किया गया। निबंध प्रतियोगिता का विषय रहा **''प्लास्टिक प्रदूषण के कारण एवं प्रभाव–स्वच्छता ही सेवा''।** इसमें प्रथम पुरस्कार श्री शशि प्रकाश त्रिपाठी, तकनीकी अधिकारी को प्राप्त हुआ। दिनांक 19 सितम्बर, 2019 को आयोजित हिन्दी अनुवाद प्रतियोगिता में श्रीमती वर्षा मिश्रा, तकनीकी अधिकारी ने प्रथम पुरस्कार जीता। इसके अलावा वाद–विवाद तथा प्रश्नोत्तरी जैसी प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन, दिनांक 25 सितम्बर, 2019 को किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय रहा **''प्लास्टिक बैग को बैन कर देना चाहिए–हाँ या ना''।** दिनांक 24 सितम्बर, 2019 को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गयी। यह प्रतियोगिता, 03–03 प्रतिभागियों का समूह बना कर आयोजित की गयी थी। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बड़े उत्साह से इस प्रतियोगिता में भाग लिया। इस कार्यक्रम में विजेता समूह रहे–श्री सचिन पंवार, सहायक निदेशक, श्रीमती वर्षा मिश्रा, तकनीकी अधिकारी एवं श्री शशि प्रकाश त्रिपाठी, तकनीकी अधिकारी, विजेताओं को ट्रॉफी द्वारा सम्मानित किया गया।

हिन्दी पखवाड़ा समारोह के संबंध में दिनांक 27 सितम्बर, 2019 को हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला को ''डॉ. विचार दास, निदेशक (सेवानिवृत), केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो'' ने संबोधित किया। परिषद के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कार्यशाला में भाग लिया। हिन्दी पखवाड़ा–2019, सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से सफल रहा।

निर्यात निरीक्षण परिषद कार्यालय में हिन्दी दिवस/पखवाड़ा का आयोजन

हिन्दी पखवाड़ा के दौरान कार्यशाला एवं प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कार वितरण

नि.नि.प., नई दिल्ली कार्यालय में हिन्दी दिवस/पखवाड़ा के दौरान पुरस्कार ग्रहण करते हुए

नि.नि.प., नई दिल्ली कार्यालय में हिन्दी दिवस/पखवाड़ा के दौरान पुरस्कार ग्रहण करते हुए

निर्यात निरीक्षण अभिकरण-मुंबई में हिन्दी पखवाड़ा समारोह का आयोजन

निनिअ–मुंबई में स्वच्छता पखवाड़ा समारोह के आयोजन की कुछ झलकियाँ

झींगा, निर्यात और झींगा मछली के प्रभावशाली स्वास्थ्य लाभ

डॉ. नीरज पी. अवस्थी, सहायक निदेशक,
नि.नि.अ., मुंबई

भारत में मत्स्य पालन अपने तटीय राज्यों में एक प्रमुख उद्योग है, जिसमें 14 मिलियन से अधिक लोग कार्यरत हैं। 2016–17 में, देश ने 11,34,948 मीट्रिक टन समुद्री भोजन का निर्यात किया, जिसकी कीमत 5.78 बिलियन अमेरिकी डॉलर (90,37,870.90 करोड़) थी, इनमें से जमे हुए झींगा निर्यात की शीर्ष वस्तु थी। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) के अनुसार, 1947 से मछली का उत्पादन दस गुना से अधिक और 1990 और 2010 के बीच दोगुना हो गया है।



भारत में समुद्री तट रेखा के 8,129 किलोमीटर (5,051 मील), 3,827 मछली पकड़ने के गांव और 1,914 पारंपरिक मछली लैंडिंग केंद्र हैं। भारत के ताजे जल संसाधनों में 195,210 किलोमीटर (121,300 मील) नदियाँ और नहरें शामिल हैं, 2.9 मिलियन हेक्टेयर छोटे और बड़े जलाशय, 2.4 मिलियन हेक्टेयर तालाब और झीलें और लगभग 0.8 मिलियन हेक्टेयर बाढ़ के मैदान आर्द्रभूमि और जल निकाय हैं। वर्ष 2010 तक, समुद्री और मीठे पानी के संसाधनों ने 4 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक मछली पकड़ने की संयुक्त टिकाऊ क्षमता की पेशकश की। इसके अलावा, भारत के जल और प्राकृतिक संसाधन 2010 में 3.9 मिलियन मीट्रिक टन मछली के एक्वाकल्चर (कृषि मछली पकड़ने) में दस गुना वृद्धि की क्षमता प्रदान करते हैं, यदि भारत मछली पकड़ने के ज्ञान, नियामक सुधार और स्थिरता नीतियों को अपनाने के लिए था।

झींगा मछली के निम्नलिखित लाभ हैं:

1 झींगा मछली बालों के झड़ने को बंद कर सकते हैं।

कई पुरुषों और महिलाओं को बालों के झड़ने की समस्या होती है जो कि असमान्य है, क्योंकि उनमें आनुवांशिक लक्षण भी कारक नहीं होते हैं। इन मामलों में, इसे खराब आहार और प्रदुषित पर्यावरण प्रमुख रुप से उत्तरदायी होते हैं जिनका उपचार किया जा सकता है। विशेष रूप से, जस्ता की कमी बालों के झड़ने के प्रमुख कारणों में से एक कारण हैं, अपने आहार में आसानी से झींगा की खपत बढ़ाने से, जस्ता की कमी को पूरी किया जा सकता हैं। झींगा समुद्री भोजनों में जस्ता का भरपूर स्रोतों में से एक प्रमुख खाद्य है।

2. झींगा कैंसर के जोखिम को कम कर सकता हैं।

झींगा में कई एंटी–ऑक्सीडेंट व खनिज तत्व भरपूर मात्रा में पाये जाते हैं। झींगा में प्रमुख रुप से

दो खनिज तत्व अस्थैक्सियिन एवं सेलेनियम पाये पाये जाते हैं। सेलेनियम में कई दियॅक्स एंजाइम को नियंत्रित करने की क्षमता है तथा यह कैंसर के टयूमर को वृद्धि व रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका रखता हैं।

3. वजन घटाने को बढ़ावा देना।

झींगा वजन घटाने में सहायक है, यह कई तरह से शरीर के चयापचय दर को बढ़ावा देता है जोकि लेप्टिन के स्तर को अनुकूलित करता है। लेप्टीन भूख को नियंत्रित करता है व वसा के विपरीत मांसपेशी कोशिकाओं में पोषक तत्वों के विभाजन में मदद करता है। कई लोग लेटिन के लिए प्रतिरोध विकसित कर लेते है जिससे अल्पसमय अन्तरालपर भूख अनुभव करते है व हार्मोन अपना कार्य नहीं कर पाते है जिससे आपको कब खाना बंद करना है यह अनुभव नहीं होता है। यदि आप वास्तविक वजन घटाने की इच्छा रखते है तो झींगा को अपने भोजन में शामिल करना सार्थक प्रयास होगा.

4. स्ट्रोक और दिल के दौरे के जोखिम को कम करता हैं।

झींगा में एक दुर्लभ फाइब्रिनोलाइटिक एंजाइम होता है जो खून के थक्के को गलाने में सहायक होता है। जो लोग स्ट्रोक से पीड़ित होते हैं, उसको उन्हें फाइब्रिनोलेटिक एंजाइम का एक प्रकार उपचार हेतु दिया जाता है। झींगा में पाये जाने वाला एंजाइम अकेले थक्के को नष्ट करने में मदद कर सकता हैं।

5. मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण को बढ़ावा देता है।

शरीर को अधिक मांसपेशीयों को संश्लेषित करने के लिए, आपको प्रोटीन परिपूर्ण खाद्य पदार्थों की आवश्यकता होती हैं। यह प्रोटीन कई मॉसाहार और अन्य खाद्य पदार्थों से प्राप्त की जा सकती है, लेकिन प्रोटीन के लिए झींगा दूसरे खाद्य पदार्थो से बेहतर स्रोत है क्योंकि इसमें प्रोटीन के साथ अनुकूल पोषक तत्व जैसे कि जस्ता और अन्य टेस्टोस्टेरोन आदि तत्व शक्तिशाली मांसपेशियों का निर्माण करते है।

6. स्वस्थ त्वचा बनाये रखने के लिए बेहतर विकल्प के रुप में।

उम्र से पहले त्वचा संबंधी परेशानी जैसे कि त्वचा का ढीलापन, ऐलर्जी, कालापन, रुखापन व अन्य विकारों का एक कारण है जोकि भोजन में एंटी–ऑक्सीडेंट की कम मात्रा जिससे सूर्य की उपस्थिति में क्षति तीव्र गति से होती है इससे निपटने के लिए बहुत सारे एंटी–ऑक्सीडेंट वाले खाद्य पदार्थों का उपभोग करें। झींगा में एक शक्तिशाली एंटी–ऑक्सीडेंट अस्थैक्सथिन की उपस्थिति है। यह एक अद्वितीय कैरोटेनोइड एंटी–ऑक्सीडेंट है जो अल्ट्रावाइलेट किरणों के प्रभाव को कम करने में सक्षम हैं।

प्लास्टिक प्रदूषण के कारण एवं प्रभाव - स्वच्छता ही सेवा

शशि प्रकाश त्रिपाठी, तकनीकी अधिकारी
नि.नि.प., नई दिल्ली

यह धरती, ईश्वर द्वारा मनुष्य को प्रदान की गई सबसे अद्वितीय भेंट है। भगवान ने इस धरा को विभिन्न प्रकार के पेड़, पौधों, पुष्पों, नदियों, पहाड़ों, झरनों, इत्यादि से सजा कर मानव को सौपा है। यह वह धरोहर है जिसे हमें सहेज कर रखना है, किन्तु क्या हम ऐसा वास्तव में करते हैं? आज जिस तरफ भी दृष्टि जाती है, उधर प्रदूषण रूपी दानव का राज है। हमने प्रगति की राह पर इस प्रकार दौड़ लगाई कि हमने प्राकृतिक संसाधनों का दमन कर दिया, जिस कारण आज हमें अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी ही एक विकराल समस्या है ''प्लास्टिक प्रदूषण''।

सर्वप्रथम हमें यह समझना है, कि यह प्लास्टिक प्रदूषण क्या है तथा यह क्यों एक चिंतनीय विषय है। पॉलीमर विज्ञान व तकनीकी क्षेत्र में विकास के साथ ही प्लास्टिक रूपी रसायनिक वस्तु का भी निर्माण हुआ। बीते समय के साथ प्लास्टिक मानव जीवन का एक अभिन्न अंग बन गया है। जिधर भी देखो, प्लास्टिक एवं प्लास्टिक निर्मित वस्तुएँ बहुतायत में हमें मिल जाएँगी, फिर वह चाहे खिलौने हों, बर्तन हों, उपकरण या साज–सज्जा का समान हो, प्लास्टिक अनेकों रूपों में हमारे चारों ओर विद्यमान है। प्लास्टिक का एक सबसे आसान उदाहरण व सबसे अधिक उपयोग में लाए जाने वाला साधन ''पॉलिथीन'' है। यह घर–घर में पाया जाता है। आप कोई भी वस्तु खरीदने जाएँ जैसे खाने की सामग्री, कपड़े, दैनिक उपयोग में इस्तेमाल की जाने वाली वस्तुएँ, हर कहीं पॉलिथीन का बोल बाला है।

प्लास्टिक किस हद तक खतरनाक है, यह इस बात से समझा जा सकता है कि प्लास्टिक को पूर्ण रूप से सड़ने में 1000 साल तक लग जाते हैं। एक अध्ययन के अनुसार सिर्फ दिल्ली से प्रतिदिन 800 टन प्लास्टिक फेका जाता है। इसके अलावा, भारत में प्रतिदिन लगभग 2,50,000 प्लास्टिक की बोतलें इस्तेमाल करके फेंक दी जाती हैं। इस बात का अनुमान लगा पाना भी मुश्किल है कि इतनी तादाद में उत्पन्न हो रहे, प्लास्टिक कचरे का क्या होता होगा। प्लास्टिक को जलाने पर विषाक्त गैसें जैसे कार्बन डाइऑक्साइड, इत्यादि उत्पन्न होती है, जो ग्लोबल वार्मिंग तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारक हैं। एक अन्य अध्ययन के अनुसार विश्व भर के महासागरों में वर्ष 2010 तक 80 लाख मेट्रिक टन तक प्लास्टिक कचरा जमा हो चुका है, जो हर वर्ष बढ़ ही रहा है। यह जलीय जीवन के लिए अत्यंत चिंताजनक एवं सोचनीय विषय है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के एक सर्वे के अनुसार देश में प्रतिवर्ष लगभग 9000 टन प्लास्टिक कचरा पुनः चक्रित किया जाता है जो कि कुल संख्या का 60 प्रतिशत ही है। बाकी बचे 6000 टन का क्या हो रहा है, वह वास्तव में एक चिंतन करने योग्य विषय है।

अब प्रश्न आता है कि हम इस प्लास्टिक की समस्या से निजाद पाने हेतु क्या कर सकते हैं। आरोन हिल के अनुसार ''जब आप दुनिया को गंदा कहते हैं तो यह देख लें, कि क्या आपके चश्में तो गंदे नहीं है।'' अतः हमें दूसरों को समझाने से पहले अपने स्तर पर प्लास्टिक का इस्तेमाल रोकना होगा। हमारे दादा–परदादा इस संदर्भ में शायद ज़्यादा समझदार थे, तभी प्लास्टिक के बर्तनों के स्थान पर पत्तल व दोने का इस्तेमाल करते थे, जो साल तथा ढाक जैसे वृक्ष के पत्तों से बनते थे जिनसे किसी प्रकार का प्रदूषण नहीं होता था। प्लास्टिक की बोतलों के स्थान पर कुल्हड़, मटका व सुराही का उपयोग होता था जो पूर्ण रूप से प्राकृतिक होते थे। हमें स्वयं भी इस प्रकार के कदम उठाने चाहिए एवं आने वाली नस्लों जैसे कि बच्चों को भी बाल्यकाल से ही प्लास्टिक के दुष्परिणामों से अवगत कराना चाहिए। चूंकि प्लास्टिक जैविक क्षरण से भी परे है, अतः हमें इसके इस्तेमाल को पूर्ण रूप से बंद करना होगा। लोगों में प्लास्टिक बैन को लेकर मुहिम छेड़ी जा सकती है। ग्रामीण स्थानों पर ट्रेनिंग कैंप आयोजित करने चाहिए तथा जन–मानस में स्वच्छता के प्रति सजगता जगानी चाहिए। उत्पन्न हो रहे कूड़े को बायोडिग्रेडेबल तथा नॉन–बायोडिग्रेडेबल गुणवत्ता के अनुसार ही उनका प्रक्षेपण करना चाहिए। स्वयं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भी स्वच्छ व स्वस्थ भारत के निर्माण पर ज़ोर दिया है।

तो आइए, हम और आप इस मुहिम को आगे बढ़ाएँ ताकि हम अपने आने वाले भविष्य को प्रदूषण मुक्त बना सके तथा अपने बच्चों को एक ऐसा स्वस्थ भारत दे कर जाएँ, जहाँ वह खुलकर सांस ले सकें।

जय हिन्द,

निर्यात निरीक्षण अभिकरण-कोच्ची

निर्यात निरीक्षण अभिकरण-कोच्ची में आयोजित हिन्दी दिवस/पखवाड़ा समारोह - 2019 की रिपोर्ट

निर्यात निरीक्षण अभिकरण–कोच्ची मुख्यालय एवं उप कार्यालयों में दिनांक 14–9–2019 से 28–09–2019 तक हिन्दी दिवस/पखवाड़ा समारोह–2019 का सफल आयोजन किया गया।

समारोह के सफल आयोजन के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया। श्री मनोज कुमार गुप्ता, उप निदेशक एवं हिंदी प्रभारी कार्यक्रम के मुख्य संयोजक रहे।

हिन्दी दिवस/हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन कर्मचारियों को अपना कार्यालयीन काम ज़्यादा से ज़्यादा राजभाषा हिंदी में करने में प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया। सभी कर्मचारियों से खास तौर पर इस अवधि के दौरान कार्यालयीन कार्य यथा संभव हिंदी में करने में विशेष प्रयास करने और हस्ताक्षर हिंदी में करने के लिये अनुरोध किया गया। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनुरोध किया गया कि अपने सक्रिय सहयोग एवं बहुमूल्य सहकारिता से कार्यक्रम को सफल बनाएं और पूरी तैयारी करके प्रतियोगिताओं में भाग लें।

संपूर्ण गरिमा के साथ दिनांक 14.9.2019 को हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया। दिनांक 14.9.2019 को सुबह 11.00 बजे उद्घाटन समिति के संयोजक श्री मनोज कुमार गुप्ता, उप निदेशक के नेतृत्व में कार्यक्रमों का संचालन बड़े उत्साह के साथ किया गया। श्री जि. जयपालन, उप निदेशक प्रभारी द्वारा परंपरागत दीप प्रज्वलित करते हुए समारोह का उद्घाटन किया गया। इसके बाद डॉ. पी. के. प्रमोद, सहायक निदेशक द्वारा की गई, ईश्वर वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। श्री मनोज कुमार गुप्ता, उप निदेशक द्वारा सभा का स्वागत किया गया। उनके द्वारा हिंदी दिवस की महत्ता के बारे में सभा को जानकारी दी गई। कार्यालय प्रभारी श्री जि. जयपालन, उप निदेशक द्वारा निनिअ–कोच्ची में हिंदी के कार्यान्वयन के लिए किए जा रहे कार्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया गया और आगे भी सक्रिय रूप से हिंदी का कार्यान्वयन सफलता से करने के लिए सभी से आह्वान किया गया।

माननीय निदेशक (निरीक्षण एवं गुणवत्ता नियंत्रण) महोदय से प्राप्त संदेश का वाचन श्री जि. जयपालन, उप निदेशक द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. लिजो जोन, सहायक निदेशक एवं डॉ. कंजन कुमार, सहायक निदेशक द्वारा बधाई भाषण किया गया। श्री टिंकु कुमार, प्रयोगशाला सहायक श्रेणी–II द्वारा किए गए धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हिन्दी दिवस एवं पखवाड़ा समारोह के उद्घाटन समारोह का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

श्री. जि. जयपालन, उप निदेशक (प्रभारी) के नेतृत्व में, प्रतियोगिता आयोजन समिति द्वारा इस दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। प्रतिदिन के प्रश्नपत्रों की तैयारी, प्रतिभागियों के लिए आवश्यक सुविधाएं प्रदान करना, निर्णायकों की सेवाएं उपलब्ध कराना, विविध लिखित

परीक्षाओं के मूल्याँकन बाहर के विशेषज्ञों से करवाने आदि विभिन्न कार्यक्रमों के सक्रिय संचालन के द्वारा प्रतियोगिताओं का आयोजन व्यवस्थित तरीके से किया गया। इस दौरान कुल 10 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

हिंदी पखवाडे का समापन समारोह दिनांक 30.09.2019 को शानदार तरीके से किया गया। समापन समारोह में श्री. कुमार पाल शर्मा, उप निदेशक (कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (द.प.) राजभाषा विभाग, कोच्ची मुख्य अतिथि रहे। श्री महेश्वर राव, सहायक निदेशक द्वारा सभा का संबोधन किया गया। श्री जि. जयपालन, उप निदेशक प्रभारी अध्यक्ष, मुख्यातिथि एवं अन्य सदस्यों के द्वारा दीप प्रज्वलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। श्री संदीप कुमार, प्रयोगशाला सहायक श्रेणी–II ने ईश्वर वंदना की। तदुपरांत डॉ. अभिजीत सातपुते, सहायक निदेशक द्वारा स्वागत भाषण किया गया। श्री जि. जयपालन, उप निदेशक प्रभारी द्वारा अध्यक्षीय भाषण किया गया। उन्होंने अपने भाषण में हिंदी पखवाडा समारोह के आयोजन से सरकार की राजभाषा नीति को तेज़ी से अमल में लाने हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रयास को प्रोत्साहित करने के महत्वपूर्ण उद्देश्य पर प्रकाश डाला, और पखवाड़ा समारोह के पश्चात भी राजभाषा के कार्यान्वयन में निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। मुख्यातिथि ने कार्यालय में हिंदी को प्रभावी ढंग से कार्यान्वित करने के बारे में अपना सशक्त एवं बहुमूल्य विचारों से सभा को प्रबुद्ध कराया। कार्यक्रम के दौरान मनोरंजन के लिये श्रीमती सेरिन जोसफ, प्रयोगशाला सहायक श्रेणी–II ने हिंदी गीत गाया। मुख्यातिथि एवं अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर वर्ष के दौरान आयोजित कार्यशालाओं के अंत में की गई मूल्यांकन परीक्षाओं में प्रथम तीन स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को भी पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

सबसे अधिक अंक पाए प्रयोगशाला अनुभाग को राजभाषा रोलिंग ट्रॉफी दी गई और सबसे अधिक अंक पाए प्रतिभागी को राजभाषा प्रतिभा की उपाधि के रूप में विशेष ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

इसके अलावा हिंदी पखवाडा समारोह के दौरान दिनांक 27.9.2019 को आयोजित कार्यशाला में कंप्यूटरों में हिंदी में सुगमता से काम करने में राजभाषा विभाग द्वारा तैयार किए गए हिंदी ई–टूल्स के बारे में व्याख्यान दिया गया। इस कार्यक्रम का संचालन श्री धर्मेंद्र कुमार, सहायक निदेशक, हिंदी शिक्षण योजना, राजभाषा विभाग द्वारा किया गया।

निनिअ–कोच्ची मुख्यालय की तरह इसके उप कार्यालय–कोल्लम, बैंगलूर एवं मैंगलूर में दिनांक 14.9.2019 से 28.9.2019 तक विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ हिंदी दिवस एवं हिंदी पखवाड़ा का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। मुख्यालय के आयोजन के संबंध में कुछ छायाचित्र संलग्न हैं।

निनिअ–कोच्ची में आयोजित हिंदी दिवस का आयोजन तथा हिंदी पखवाड़ा समारोह का उद्घाटन परंपरागत दीप प्रज्वलित करते हुए कर रहे हैं श्री. जि. जयपालन, उप निदेशक प्रभारी

निनिअ–कोच्ची के हिंदी पखवाड़ा समारोह के समापन समारोह में मुख्य अतिथि श्री कुमार पाल शर्मा, उप निदेशक प्रभारी (कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (द.प.), राजभाषा विभाग, कोच्ची परंपरागत दीप प्रज्वलित करके सभा शुभारंभ कर रहे हैं ।

निनिअ–कोच्ची के हिंदी पखवाड़ा समारोह के समापन समारोह में अध्यक्षीय भाषण देते हुए श्री जि. जयपालन, उप निदेशक (प्रभारी)

निनिअ–कोच्ची के हिंदी पखवाड़ा समारोह के समापन समारोह में मुख्य अतिथि श्री. कुमार पाल शर्मा, उप निदेशक प्रभारी (कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (द.प.), राजभाषा विभाग, कोच्ची मुख्य भाषण देते हुए

मुख्य अतिथि श्री कुमार पाल शर्मा, उप निदेशक प्रभारी (कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय(द.प.), राजभाषा विभाग, कोच्ची द्वारा किए गए मुख्य भाषण ध्यान से सुन रहे सदस्यों का दृश्य

निनिअ–कोच्ची में हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में सबसे अधिक अंक प्राप्त प्रयोगशाला अनुभाग को राजभाषा रोलिंग ट्रॉफी प्राप्त हुई और मुख्य अतिथि श्री कुमार पाल शर्मा, उप निदेशक (कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (द.प.), राजभाषा विभाग, कोच्ची से ट्रॉफी ग्रहण कर रहे हैं प्रयोगशाला अनुभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी

निनिअ–कोच्ची में हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में सबसे अधिक अंक प्राप्त होने से राजभाषा प्रतिभा की व्यक्तिगत ट्रॉफी जीती डॉ. एस. सुधा, तकनीकी अधिकारी, मुख्य अतिथि डॉ श्री. कुमार पाल शर्मा, उप निदेशक(कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय(द.प.), राजभाषा विभाग, कोच्ची से पुरस्कार ग्रहण कर रही हैं।

निनिअ–कोच्ची में हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में पुरस्कार जीते अधिकारी / कर्मचारी मुख्य अतिथि श्री. कुमार पाल शर्मा, उप निदेशक (कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय(द.प.) राजभाषा विभाग, कोच्ची से पुरस्कार ग्रहण करते हुए विजेताओं का दृश्य

वर्ष में आयोजित हिंदी कार्यशालाओं के अंतिम घंटे में आयोजित मूल्यांकन परिक्षाओं में पुरस्कार जीते प्रतिभागी पुरस्कार ग्रहण करते हुए:

